**Demand to ease the Credit Card closure process across the country**

**श्री शंभू शरण पटेल** (बिहार): धन्यवाद सभापति महोदय। आपने मुझे बैंकिंग क्रेडिट कार्ड की सर्विस के संबंध में बोलने का मौका दिया है। महोदय, क्रेडिट कार्ड रखना आज एक स्टेटस सिंबल बन गया है, उसके जहां फायदे हैं, वहीं बहुत नुकसान भी हैं। क्रेडिट कार्ड मिल तो बहुत आसानी से जाता है, लेकिन अगर उसे बंद करना हो, तो बहुत लोगों को मुश्किल का सामना करना पड़ता है, इसलिए मैं सदन के माध्यम से आपसे आग्रह करना चाहता हूं कि बैंक की सभी शाखाओं में क्रेडिट कार्ड संबंधी एक हेल्प डेस्क होनी चाहिए। वहां पर कस्टमर जाए और अगर उसको अपना क्रेडिट कार्ड बंद करवाना हो, तो सारे ड्यूज़ क्लियर करके वह उसको बंद करवा सके।

(**उपसभापति महोदय** *पीठासीन हुए।*)

महोदय, ऐसा हो नहीं पा रहा है। लोगों को क्रेडिट कार्ड तो आसानी से मिल जाता है, लेकिन जब बंद करवाना होता है, तो बोला जाता है कि आप ऑनलाइन सम्पर्क कीजिए। ऑनलाइन जाने पर कभी कहता है कि 1 दबाइए, 2 दबाइए, 5 दबाइए, वह दबाता रह जाता है, लेकिन उसका क्रेडिट कार्ड बंद नहीं होता है, जिसके कारण उसका सिबिल रेटिंग पर इफेक्ट पड़ता है और जब वह किसी दूसरे लोन के लिए एप्लाई करता है, तो उस समय क्रेडिट कार्ड का ड्यूज दिखाई देता है।

मैं सदन के माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि बैंक की प्रत्येक शाखा में क्रेडिट कार्ड को बंद करने या क्रेडिट कार्ड को देने संबंधी एक हेल्प डेस्क हो, जहां पर कस्टमर जाकर आसानी से अपना क्रेडिट कार्ड बंद करवा सके या ले सके, धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the issue raised by the hon. Member, Shri Shambhu Sharan Patel: Dr. Kalpana Saini (Uttarakhand), Shrimati Geeta alias Chandraprabha (Uttar Pradesh), Shri Neeraj Shekhar (Uttar Pradesh), Shri Baburam Nishad (Uttar Pradesh), Shri Brij Lal (Uttar Pradesh), Shri Babubhai Jesangbhai Desai (Gujarat), Dr. Kanimozhi NVN Somu (Tamil Nadu), Shri M. Mohamed Abdulla (Tamil Nadu), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Shri Saket Gokhale (West Bengal), Shri Naresh Bansal (Uttarakhand), Shri Ram Chander Jangra (Haryana), Shrimati Priyanka Chaturvedi (Maharashtra), Dr. John Brittas (Kerala), Shri Dhananjay Bhimrao Mahadik (Maharashtra), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shri Niranjan Bishi (Odisha), Shrimati Sulata Deo, (Odisha) and Shrimati Mahua Maji (Jharkhand).

**Demand to expedite the notification process for new Land Custom Station between India and Bangladesh**

DR. WANWEIROY KHARLUKHI (Meghalaya): Thank you, hon. Deputy Chairman,